# Daily Current Affairs-2021
## with Objective Questions

# BANK • SSC • RLY • CET

**रास्ता अगर नेकी का है... तो हर कतरा समन्दर है...**



**Vijay Sir**
(Eng. & GK), Exp. 16 Yrs
Chief Mentor

## Why Banco ?

- 9 वर्षों का अटूट विश्वास
- अब तक 1950+ चयन
- SSC-CGL / BANK के Mains Exam की विशेष फ्री कक्षाएँ
- स्थायी अनुभवी फैकल्टीज
- अपडेटेड प्रिन्टेड स्टडी मैटेरियल
- नये पैटर्न पर आधारित नियमित कक्षाएँ
- साप्ताहिक Online/ Offline आधारित टेस्ट सीरीज
- फ्री ऑनलाईन स्टडी

**5 March 2021**


झूठे दिखावे और झूठे आँकड़ों से दूर सत्यता पर स्थापित

BANCO™ CAREER ACADEMY
An ISO 9001: 2015 Certified Institute

प्रतिदिन Free Current Affairs प्राप्त करे
Whatsapp@9529239991
और @Telegram Channel
'BancoCareerAcademy'
(e-Notes Library BANCO)

Keep Supporting us

Subscribe to our YouTube Channel BANCO Academy, Sikar
Follow & Like us on Facebook www.facebook.com/BANCOCAREER/
Join us on Telegram t.me/BANCOCAREERACADEMY
follow us on instagram BANCOSIKAR
follow us on twitter @BancoCareer

Created by Universal Document Converter

## 5 मार्च का इतिहास

- **1851 :** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना हुई।
- **1931 :** महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन खत्म किया।
- **2008 :** भारत ने समुद्र से जमीन पर हमला करने वाले 'ब्रह्मोस' मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- **1949 :** भारत में झारखंड पार्टी की स्थापना हुई।
- **1962 :** कनाडा में आयकर नियमों में बदलाव किया गया।
- **1905 :** भगत सिंह की क्रांतिकारी गतिविधियों में सहयोग करने वाली स्वत्रंता सेनानी सुशीला दीदी का पंजाब में जन्म हुआ।

## 5 मार्च से संबंधित करेंट अफेयर्स

- हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने राज्य के लोगों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत नौकरियों को आरक्षित करने के बिल को मंजूरी दे दी है। हर कपंनी, ट्रस्ट और सोसायटी में यह आरक्षण दिया जाएगा।
- राष्ट्रीय कृषि आपदा प्रबंधन योजना (NADMP) सूखा, बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय पर प्रतिक्रिया के लिए केंद्रीय कृषि मंत्रालय का मार्गदर्शन करेगा। यह कृषि क्षेत्र के लिए खतरा बन रहे 34 खतरों की पहचान करता है। इनमें गर्मी की लहरें, भूकंप, जानवरों के हमले, मरुस्थलीकरण, आग, चक्रवात और रसायनों पर निर्भरता शामिल हैं।
- विश्व वन्यजीव दिवस 3 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है ताकि वन्य जीवन पर मानव गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके।
- कॉलर आइडेटिफिकेशन ऐप Truecaller ने महिलाओं के लिए एक सेफ्टी एप्प लॉन्च किया है। यह महिलाओं को हर समय या विशिष्ट समय पर परिवार या दोस्तों के साथ अपना स्थान साझा करने और आपातकाल की स्थिति में उन्हें सचेत करने में मदद करता है।
- छह बार की विश्व चैम्पियन एम सी मैरीकॉम को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) की 'चैम्पियंस एंड वेटरंस' समिति का अध्यक्ष चुना गया। विश्व संस्था ने पिछले वर्ष इस पैनल का गठन किया था। 2012 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मैरीकॉम को एआईबीए के निदेशकों के बोर्ड की वोटिंग के बाद इस पद के लिए चुना गया। यह स्टार मुक्केबाज कई मौकों पर विश्व संस्था की ब्रांड दूत रह चुकी है।
- 4जी टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी 2021 को 2 मार्च को समाप्त हुई, जिसमें 77,814.80 करोड़ रुपये की बोली लगी।
- 3 मार्च, 2021 को सरकार ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के सहयोग के लिए भारत और फिजी के बीच एक समझौते को मंजूरी दी।
- 3 मार्च, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग पर भारत और फ्रांस के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व की स्वीकृति प्रदान की।
- हिंदू समूह ने WAN IFRA (वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ न्यूज पब्लिशर्स) द्वारा दिए गए साउथ एशियन डिजिटल मीडिया अवार्ड्स में दो स्वर्ण और दो सिल्वर पदक जीते।
- सरकार ने नेपाल और भूटान की सीमा पर 13,000 से अधिक जवानों को तैनात करने के लिए एक दर्जन ताजा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बटालियन की मंजूरी दी है।
- हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से नई दिल्ली में 'ग्लोबल बायो-इंडिया 2021' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। यह राष्ट्रीय स्तर पर और वैश्विक समुदाय के लिए भारत के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता और इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को दर्शाता है, इसका लक्ष्य भारत को विश्व में एक उभरते हुए नवोन्मेष केंद्र और जैव विनिर्माण केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान करना है।
- श्रीलंका ने कोलम्बो पोर्ट के वेस्टर्न कंटेनर टर्मिनल के विकास को ठेका भारत को दे दिया है। टर्मिनल का विकास भारत और जापान के साथ बनी एक संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा किया जाएगा। श्रीलंका यह परियोजना 35 वर्ष के पट्टे पर देगा। श्रीलंका सरकार ने इस निर्णय से कुछ सप्ताह पहले इसी बंदरगाह पर एक टर्मिनल के विकास का ठेका रद्द कर दिया था। श्रीलंका मंत्रिमंडल ने हाल ही में कोलम्बो साउथ पोर्ट के वेस्ट कंटनेर टर्मिनल के विकास को मंजूरी दी है।
- भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल समेत अन्य रक्षा उपकरणों की आपूर्ति हेतु समझौता किया है। इसका नाम भारत की ब्रह्मपुत्र नदी और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है। ब्रह्मोस मिसाइलों को ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा डिजाइन, विकसित और निर्मित किया गया है।
- हाल ही में कर्नाटक ने देश की पहली 'इंजीनियरिंग रिसर्च एंड डेवलपमेंट' (ER & D) पॉलिसी लॉन्च की है। इस नीति के तहत बेंगलुरु नगरीय जिले के अलावा 'मल्टी-नेशनल कॉर्पोरेशन' (MNC) संस्थाओं को 2 करोड़ रुपए तक के किराए की 50% प्रतिपूर्ति की पेशकश की जाएगी। नवाचार को बढ़ावा देने हेतु सरकार विभिन्न परियोजनाओं हेतु कॉलेजों को धन मुहैया कराएगी और कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में उद्योग उन्मुख पाठ्यक्रम विकसित करने की लागत भी वहन करेगी।



Created by Universal Document Converter

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. हाल ही में इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन फॉलोवर्स पाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर कौन बन गए है ?**

(A) हरभजन सिंह (B) रविन्द्र जड़ेजा

(C) रोहित शर्मा (D) विराट कोहली

**(D)** विराट कोहली के अलावा द रॉक के नाम से मशहूर एक्टर इवेन जॉनसन फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो, नेमार और लियोनेल मेसी इस क्लब में शामिल है।

**2. विश्व स्वास्थ्य संगठन की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक 2050 तक विश्व में कितने लोगों में से एक व्यक्ति सुनने की समस्या से ग्रसित हो सकता है ?**

(A) तीन (B) चार

(C) पांच (D) सात

**(B)** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में Hearing Problem को लेकर दुनिया को चेताया है। WHO ने कहा है कि 2050 तक विश्व के हर चार लोगों में से एक व्यक्ति इसका शिकार हो सकता है। WHO ने इससे निपटने के लिए कुछ उपायों को बताया है जिसमें हर साल प्रति व्यक्ति मात्र $1.33 खर्च आएगा।




**3. हाल ही में किस स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया गया ?**

(A) कानपूर (B) हरिद्वार

(C) प्रयोगराज (D) ऋषिकेश

**(D)** हाल ही में ऋषिकेश स्थान पर अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह महोत्सव उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड और गढ़वाल मंडल विकास निगम (GMDN) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

**4. हाल ही में स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 का फील्ड असेसमेंट किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया ?**

(A) पंचायती राज मंत्रालय

(B) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(C) आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय (D) जल शक्ति मंत्रालय

**(C)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 स्वच्छता सर्वेक्षण का छठा संस्करण है। यह सर्वेक्षण हर साल होता है। पहली बार आवास और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में इस सर्वेक्षण की शुरूआत की गई थी। इस सर्वेक्षण का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित कर शहरी स्वच्छता की स्थिति में सुधार लाना है।

World Health Organization

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin



**5. हाल ही में किस व्यक्ति का कार्यकाल केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है ?**

(A) संजय शर्मा (B) प्रमोद चंद्र मोदी

(C) गौरव मित्तल (D) मनोज शर्मा

**(B)** हाल ही में मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने प्रमोद चंद्र मोदी का कार्यकाल 1 मार्च से 31 मई 2021 तक तीन महीने की अवधि के लिए बढ़ा दिया। इससे पहले, श्री मोदी का कार्यकाल पिछले साल अगस्त 2019 में छह महीने के लिए बढ़ाया गया था।



Created by Universal Document Converter

**6. इंडियन वीमेन लीग 2020-21 की मेजबानी कौन करेगा ?**

(A) भारत (B) केरल

(C) ओडिशा (D) असम

**(C)** हाल ही में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने ओडिशा को आगामी हीरो इंडियन वीमेन लीग 2020-21 आयोजन के रूप में चुना। यह IWL का पांचवां संस्करण है, जो भारत में शीर्ष श्रेणी की वीमेन लीग है। ओडिशा सरकार AIFF का रणनीतिक साझेदार है क्योंकि यह विभिन्न पुरूष और महिला आयु वर्ग की टीमों को आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करता है।



**7. किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने घर-घर राशन योजना' की शुरूआत की है ?**

(A) दिल्ली (B) जम्मू कश्मीर

(C) पुडुचेरी (D) लक्षद्वीप

**(A)** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घर-घर राशन योजना को शुरू किया है, अब लोगों को राशन की दुकान पर जाने की जरूरत नही पडेगी, क्योंकि इस योजना के तहत अब लोगों को घर तक राशन को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।




**8. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के नए अध्यक्ष और CTO (chief technology officer) कौन बने है ?**

(A) महेश शर्मा (B) कमलेश सिन्हा

(C) नितेश धर्मराज (D) शरद गोकलानी

**(D)** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के नए अध्यक्ष और CTO (Chief Technology officer) शरद गोकलानी बने है। इससे पहले वह इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक से EVP और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी के रूप में जुड़े थे।

**9. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष कौन बने है ?**

(A) विकास सिंह (B) राकेश सिंह

(C) रोहित शर्मा (D) अनिल कुमार

**(A)** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में सीनियर एडवोकेट विकास सिंह प्रेसिडेंट निर्वाचित हुए हैं, सीनियर एडवोकेट प्रदीप कुमार राय को वाइस प्रेसिडेंट चुना गया है जबकि ए. के. प्रसाद को सेक्रेटरी चुना गया है।




**10. "एडवांटेज इंडिया: द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस" किसके द्वारा लिखा गया है ?**

(A) पूजा बत्रा (B) साइना नेहवाल

(C) अनिंद्य दत्ता (D) मनिका बत्रा

**(C)** एक बैंकर से लेखक बने, अनिंद्य दत्ता ने भारतीय टेनिस का इतिहास, 'एडवांटेज इंडिया: द स्टोरी ऑफ इंडियन टेनिस नामक पुस्तक लिखी है। इस पुस्तक में मोहम्मद स्लीम, द फाइजी ब्रदर्स, एस.एम. जैकब और गौस मोहम्मद जैसे स्वतंत्रता पूर्व खिलाड़ी और दिलीप बोस, सुमंत मिश्रा, नरेश कुमार और रामनाथन कृष्णन जैसे टेनिस आइकन का वर्णन है।






Created by Universal Document Converter